# बिहार सरकार
## आपदा प्रबंधन विभाग

ब्लॉक–सी0, सरदार पटेल भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना–800023
दूरभाषः 0612 2294201, 2294202(फैक्स), ई–मेलः secy-disastermgmt-bih@nic.in

पत्रांक–01/प्रा०आ०(COVID-19)–09/2020/.....1818/आ0प्र0    पटना–23, दिनांक–17/05/2021

**प्रेषक,**

**प्रत्यय अमृत,**
अपर मुख्य सचिव।

**सेवा में,**

**सभी जिला पदाधिकारी,**
बिहार।

**विषय :–** **कोरोना वायरस (COVID-19) संक्रमण के प्रसार पर नियंत्रण के लिए राज्य सरकार के द्वारा लगाए गए विभिन्न प्रतिबंधों के आलोक में मजदूर, निर्धन, निराश्रित, निःशक्त आदि जरूरतमंद व्यक्तियों के लिए भोजन की व्यवस्था हेतु सामुदायिक रसोई स्थापित करने के संबंध में।**

**प्रसंग :–** **विभागीय पत्रांक–1715/आ०प्र० दिनांक–04.05.2021, पत्रांक–1741/आ०प्र० दिनांक–06.05.2021 एवं पत्रांक–1808/आ०प्र० दिनांक–13.05.2021।**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्रों का कृपया स्मरण किया जाए, जिसके द्वारा कोरोना वायरस (COVID-19) संक्रमण के प्रसार पर नियंत्रण के लिए राज्य सरकार के द्वारा लगाए गए विभिन्न प्रतिबंधों के आलोक में मजदूर, निर्धन, निराश्रित, निःशक्त आदि जरूरतमंद व्यक्तियों के लिए भोजन की व्यवस्था हेतु सामुदायिक रसोई स्थापित किए जाने का निदेश दिया गया था। पुनः प्रतिबंधों का विस्तार दिनांक–25.05.2021 तक किए जाने के आलोक में सरकार के द्वारा संचालित डेडिकेटेड कोविड अस्पताल (DCH), कोविड केयर सेंटर (CCC) एवं डेडिकेटेड कोविड हेल्थ सेंटर (DCHC) पर मरीजों की देख–रेख में लगे परिजनों के खाने की व्यवस्था भी सामुदायिक रसोई के माध्यम से करने का निदेश दिया गया है।

दिनांक–17.05.2021 को माननीय मुख्यमंत्री, बिहार के द्वारा वर्चुअल टूरिंग के माध्यम से जिलों में संचालित की जा रही सामुदायिक रसोई की स्थिति की समीक्षा के क्रम में यह बात महसूस किया गया कि कतिपय जिलों में सामुदायिक रसोई की संख्या अपेक्षाकृत कम है।

अतः अनुरोध है कि आवश्यकता का आकलन कर अपने जिले अन्तर्गत प्रत्येक प्रखण्ड में कम से कम एक सामुदायिक रसोई के संचालन हेतु आवश्यक कार्रवाई की जाए ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद व्यक्तियों को इसका लाभ मिल सके।

विश्वासभाजन,

**अपर मुख्य सचिव**

ज्ञापांक–01/प्रा०आ०(COVID-19)–09/2020/..1818/आ0प्र0  पटना–23, दिनांक–17/05/2021

**प्रतिलिपिः**–सभी प्रमण्डलीय आयुक्त/वरीय पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**अपर मुख्य सचिव**

ज्ञापांक–01 / प्रा०आ०(COVID-19)–09 / 2020 / ..1818.. / आ0प्र0 पटना–23, दिनांक– 17/05/2021

**प्रतिलिपिः**–पुलिस महानिदेशक, बिहार / सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

अपर मुख्य सचिव

ज्ञापांक–01 / प्रा०आ०(COVID-19)–09 / 2020 / ..1818.. / आ0प्र0 पटना–23, दिनांक– 17/05/2021

**प्रतिलिपिः**–मुख्य सचिव, बिहार के विशेष कार्य पदाधिकारी / विकास आयुक्त, बिहार के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

अपर मुख्य सचिव

ज्ञापांक–01 / प्रा०आ०(COVID-19)–09 / 2020 / ...1818 / आ0प्र0 पटना–23, दिनांक– 17/05/2021

**प्रतिलिपिः**– माननीय मुख्यमंत्री, बिहार के प्रधान सचिव को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

अपर मुख्य सचिव

ज्ञापांक–01 / प्रा०आ०(COVID-19)–09 / 2020 / ...1818.. / आ0प्र0 पटना–23, दिनांक– 17/05/2021

**प्रतिलिपिः** माननीय उप मुख्य (आपदा प्रबंधन) मंत्री, बिहार के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

अपर मुख्य सचिव।